कानपुर को स्टार्टअप का केंद्र बनाएगा आईआईटी

आईआईटी, एसबीईआरटीसी, सिडबी, टाई यूपी और 'अमर उजाला' मिलकर करेंगे काम

- उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ 'उत्थान' अ स्टार्टअप निर्माण की बैठक में सिडबी के हेड प्रो. बीवी फड़ी ने की घोषणा

>> कॉलेजों में होगा अपना स्टार्टअप सेंटर : माई सिटी पेज 7 पर

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर।

कानपुर को बड़े स्टार्टअप हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए आईआईटी कानपुर, दि सिंडीकेट बैंक एंटरप्रिन्योरशिप रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर (एसबीईआरटीसी), सिडबी इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर (एसआईआईसी), दि इंडस एंटरप्रिन्योर यूपी चैप्टर और 'अमर उजाला' एकसाथ मिलकर काम करेंगे।

शनिवार को आईआईटी कानपुर में शहर के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों के साथ हुई 'उत्थान' अ स्टार्टअप निर्माण की बैठक में इस बात का एलान आईआईटी के एसबीईआरटीसी और सिडबी के हेड प्रो. बीवी फड़ी ने किया। उन्होंने इस दौरान पूरी प्लानिंग बताई। कहा कि इसमें कहीं से भी धन, इंफ्रास्ट्रक्चर और मार्गदर्शन की कमी नहीं आएगी। जितना भी पैसा लगेगा दिया जाएगा। बस जरूरी है कि इस प्लानिंग को हकीकत में बदलने के लिए सभी शिक्षण संस्थान एकसाथ मिलकर काम करें। >> शेष पेज 2 पर

इनोवेटिव आइडिया को मिलेंगे 12 हजार रुपए

लखनऊ। इनोवेटिव आइडिया (नवाचार विचार) को बढ़ावा देने के लिए एकेटीयू 100 इनोवेटिव आइडिया को 12 हजार रुपये देगा। यह योजना सभी संबद्ध संस्थानों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए है। 10 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। >> पेज 3